जागरण

# जमशेदपुर के गदड़ा में अवैध मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, भारी मात्रा में नकली शराब जब्त



**जागरण संवाददाता, जमशेदपुर।** शहर में नकली शराब का धंधा बड़े जोर-शोर से चल रहे हैं। सोमवार को भी उत्पाद विभाग ने परसुडीह थाना अंतर्गत छोटा गदड़ा अवैध शराब का मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। उत्पाद विभाग की टीम ने एक बंद घर में छापेमारी कर हजारों लीटर विभिन्न ब्रांड के विदेशी शराब जब्त किया है। जानकारी देते हुए पूर्वी सिंहभूम के सहायक उत्पाद आयुक्त अजय कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली कि परसुडीह के गदड़ा में बड़े पैमाने पर अवैध शराब का निर्माण किया जा रहा है।

सूचना के बाद उन्होंने घाटशिला क्षेत्र के एसआई गुफरान व रामदास भगत के देखरेख में छापेमारी की। छापेमारी में उत्पाद विभाग की आंखें खुली की खुली रह गई।

भवन के चारों ओर हर कमरे में केवल शराब का कार्टून से भरा पड़ा था। जिसमें ब्लैक हार्स, रायल गोल्डकप, आरसी आदि शराब, विभिन्न ब्रांड का ढक्कन, रेपर, खाली बोतल, शराब बनाने की मशीन, पैंकिग करने वाला टंकी आदि बरामद किया गया।

Source: https://www.jagran.com/jharkhand/jamshedpur-fake-liquor-factory-busted-thousands-of-liters-seized-24048490.html